NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH

aglasem.com

Class : 6th

Subject : Social-Science-Civics

Chapter : 1

Chapter Name : विविधता की समझ

Q1 अपने इलाके में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की सूची बनाइए। इनमें से कौन-से त्योहार सभी समुदायों द्वारा मनाए जाते हैं?

Answer. अपने इलाके में मनाने जाने वाले त्योहार :-

- ➔ गणतंत्र दिवस
- ➔ होली
- ➔ लोहड़ी
- ➔ गांधी जयंती
- ➔ स्वतंत्रता दिवस
- ➔ दिवाली , नवरात्रि
- ➔ ईद , बकरीद
- ➔ दशहरा , बुद्ध पूर्णिमा
- ➔ गणेश चतुर्थी
- ➔ गुरूनानक जयंती
- ➔ क्रिसमस आदि।

aglasem.com

सभी समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले त्योहार :-

- ➔ गणतंत्र दिवस
- ➔ स्वतंत्रता दिवस
- ➔ गांधी जयंती

Page : 14 , Block Name : प्रश्न अभ्यास (long answer question)

Q2 आपके विचार में भारत की समृद्धि एवं विविध विरासत आपके जीवन को कैसे बेहतर बनाती है।

Answer. भारत देश विविधताओं से भरा हुआ है। यहाँ भिन्न-भिन्न भाषाएँ बोली जाती हैं , विभिन्न जंतियों और धर्मों के लोग बस्ते हैं। यहाँ के लोगों के खान-पान , कपड़े पहनने के तौर तरीके , रहन-सहन में भी भिन्नताएँ हैं। हम सब इन विभिन्न लोगों के सम्पर्क में आते हैं , उन्हें जानते हैं , पहचानते हैं , उनसे दोस्ती करते हैं , उनके साथ पढ़ते हैं , काम करते हैं तो हम उनका रहन-सहन , उनकी भाषा , उनका खान-पान , उनके पहनावे के बारे में जान लेते हैं और उनसे कुछ नया सीखते हैं। इस प्रकार की विविध विरासत हमारे जीवन को बेहतर बनाती है। जब हम लोगों में भाषा और भोजन संस्कृति का आदान-प्रदान होता है और ये संस्कृतियाँ आपस में मिलकर एक नई संस्कृति बनाती हैं जिससे हमारा जीवन बेहतर बनता है।

Page : 14 , Block Name : प्रश्न अभ्यास (long answer question)

Q3 आपके अनुसार 'अनेकता में एकता' का विचार भारत के लिए कैसे उपयुक्त है? भारत की खोज किताब से लिए गए इस वाक्यांश में नेहरू भारत की एकता के बारे में क्या कहना चाह रहे हैं?

Answer. भारत शुरुआत से ही विविधताओं से भरा देश रहा है। यहाँ के लोग एक दूसरे से भाषाओं और धर्मों से भिन्न हैं अथवा अनेक हैं। परंतु जब अंग्रेजों का भारत पर राज था तो यही विभिन्न धर्म , भाषा और जाति के लोगों ने एकजुट होकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी थी और अनेकता में एकता होने की परिभाषा दी थी।

जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब 'अनेकता में एकता' के बारे में कहा है 'भारतीय एकता कोई बाहर से थोपी हुई चीज़ नहीं है , बल्कि यह बहुत ही गहरी है जिसके अंदर अलग-अलग तरह के विश्वास और प्रथाओं को स्वीकार करने की भावना है। इसमें विविधता को पहचाना और प्रोत्साहित किया जाता है।'

Page : 14 , Block Name : प्रश्न अभ्यास (Long answer question)

Q4 जलियाँवाला बाग हत्याकांड के ऊपर लिखे गए गाने की उस पंक्ति को चुनिए जो आपके अनुसार भारत की एकता को निश्चित रूप से झलकाती है।

Answer. " हिंदुओं' मुस्लिमों की, होती है आज होली

बहते हैं एक रंग में , दामन भीगो के जाना दिन खून के हमारे...."

यह पंक्ति हमारे भारत की एकता को निश्चित रूप से दर्शाती है।

Page : 14 , Block Name : प्रश्न अभ्यास (short answer question)